तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज ओमप्रकाश विश्नोई बनाम लो.सू.अ.(उपखण्ड अधिकारी लोहावट) सू.अ.अ. अपील संख्या 34 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17.03.21	अपीलार्थी ओमप्रकाश विश्नोई पुत्र मोहनराम, पता ग्राम राजाला पोस्ट पीलवा तहसील लोहावट जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 11.01.2021 में उसके द्वारा (1) ग्राम पंचायत सदरी तहसील लोहावट जिला जोधपुर में कौन कौन से राजस्व गांव में कितने कितने खसरे सरकारी, पड़त, गोचर, ओरण, गैरमुमकीन नाडी, गैरमुमकीन गोचर, आबादी, श्मशान, कब्रिस्तान की भूमि स्थित है व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी लोहावट) से जरिये पत्रांक 1298 दिनांक 05.03.2021 से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसील लोहावट के स्तर की होने से इस कार्यालय के पत्रांक 247 दिनांक 15.01.20 द्वारा तहसील कार्यालय को प्रेषित की गई। तहसीलदार के पत्रांक 2421 दिनांक 12.02.2021 द्वारा बिन्दुवार सूचना तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित की गई। उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार लोहावट की संलग्न रिपोर्ट में अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उन्हें दी गई या नहीं, स्पष्ट नहीं किया गया। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लोहावट/ तहसीलदार लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि यदि अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना की प्रमाणित प्रतियां पूर्व में उपलब्ध नहीं कराई गई तो 7 दिवस में उपलब्ध करावे। उपरोक्तानुसार अपील का निस्तारण किया जाता है।	